## खबर संक्षेप

### आईटीआई में 17 को लगेगा रोजगार मेला

**बहादुरगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहादुरगढ़ में 17 दिसंबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। प्रधानाचार्या गीता आर सिंह ने बताया कि मेले में आईटीआई से पास आउट प्रशिक्षुओं को अप्रेंटिस का अवसर मिलेगा। इसमें उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम हरियाणा समेत सरकारी प्रतिष्ठान भाग लेंगे। मेले में 30 रिक्तियों के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार लेकर रोजगार/अप्रेंटिस के लिए युवाओं का चयन किया जाएगा। इच्छुक प्रार्थी अपने मूल प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, फोटो व बायोडेटा लेकर बुधवार सुबह 10 बजे आईटीआई पहुंच जाएं।

### जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की बैठक रविवार को

**झज्जर।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा द्वारा रविवार को बैठक का आयोजन किया जाएगा। मेन बाजार स्थित जांगड़ा धर्मशाला में प्रातः दस बजे शुरू होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण जांगड़ा द्वारा की जाएगी। जिला महामंत्री सतीश जांगड़ा ने बताया कि बैठक में जांगिड़ समाज से संबंधित विभिन्न समस्याओं, जिला स्तर पर प्रस्तावित सम्मान समारोह तथा समाजहित से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की प्रक्रिया होगी ऑनलाइन

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग (सेवा) द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अब छात्रवृत्ति आवेदन, सत्यापन और वितरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी, जिससे पारदर्शिता, समयबद्धता और दक्षता सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि सरकार ने योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन के लिए तीन स्तरीय सत्यापन प्रणाली लागू की है। इसमें संस्थान नोडल अधिकारी छात्रों के दस्तावेजों का पहला सत्यापन करेंगे और गलत या फर्जी आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।



### सुमेर हुड्डा प्रधान व नरेंद्र बैनीवाल बने सचिव

**बहादुरगढ़।** शिव धर्मार्थ जनसेवा समिति की एक बैठक सेक्टर-6 की पहली पुलिया के सामने स्थित संस्था कार्यालय पर हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सुमेर हुड्डा को दोबारा से प्रधान चुना गया, जबकि उत्तम सिंह मलिक को उप प्रधान, नरेंद्र बैनीवाल को सचिव, जय सिंह सैनी व जयप्रकाश दलाल को संयुक्त सचिव, राजेश दहिया को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा कार्यकारिणी में हंसराज, मुकेश कुमार, सुभाष गुप्ता व रामेश्वर को सदस्य बनाया गया। सभी सदस्यों ने सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने की चर्चा की। जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए 20 दिसंबर को नेकी की दीवार लगाकर गर्म कपड़े वितरित किए जाएंगे।

### सट्टा खाईवाली करते दो काबू, नगदी बरामद

**बहादुरगढ़।** स्थानीय पुलिस ने सट्टा खाईवाली के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ लाइनपार थाने में केस दर्ज किए गए है। एक आरोपी को लाइनपार में बराही रोड से काबू किया गया। उसकी पहचान बिजेंद्र निवासी ग्लेरिया के रूप में हुई है। उसके पास से 3160 रुपये व सट्टा पर्चियां मिली। वही संडे बाजार से भी एक आरोपी को काबू किया गया। आरोपी की पहचान गौरव निवासी टिकरी के रूप में हुई है। उसके पास से दस हजार 120 रुपये बरामद हुए। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# चार फैक्ट्रियों में लगी भीषण आग, देर रात तक बुझाने में जुटे रहे दमकल कर्मी

*बहादुरगढ़, रोहतक, सोनीपत और झज्जर से फायर ब्रिगेड की 12 से ज्यादा गाड़ियां पहुंचीं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

**औद्योगिक क्षेत्र पार्ट-2 में ज्वलनशील पदार्थों की वजह से आग भड़की**

आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र पार्ट-2 में गुरुवार देर रात को आग का तांडव देखने को मिला। यहां एक साथ चार फैक्ट्रियों में भीषण आग लग गई। आग से काफी माल जलकर राख हो गया। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। असल पुष्टि जांच के बाद होगी। फिलहाल आग पूरी तरह से धधकी हुई है। सुबह तक बुझने की संभावना है।

सबसे पहले आग रात करीब साढ़े आठ बजे फैक्ट्री नंबर 2249 में भड़की। कुछ ही समय में लपटें पास की फैक्ट्री 2248 व 2250 और एक अन्य यूनिट तक पहुंच गई। इन फैक्ट्रियों में जूता-चप्पल, प्लास्टिक दाना और थर्माकोल दाना आदि तैयार किया जाता था। बड़ी मात्रा में प्लास्टिक, रबर और अत्यंत ज्वलनशील केमिकल मौजूद होने के कारण आग लगातार भड़कती रही। मौके पर बहादुरगढ़, रोहतक, सोनीपत व झज्जर सहित अन्य इलाकों की एक दर्जन से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में जुटी रही। दमकल कर्मचारियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है, लेकिन रसायनों की वजह से आग पर काबू पाना मुश्किल साबित हो रहा है।



बहादुरगढ़। आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र पार्ट-2 की फैक्ट्री में लगी भीषण आग को बुझाने का प्रयास करते दमकल कर्मी।

## आस-पास की फैक्ट्रियों को खाली करवाया



वहीं, उद्योगपतियों ने आरोप लगाया है कि सूचना देने के बावजूद फायर ब्रिगेड देर से पहुंची। उनका कहना है कि समय पर पहुंच जाती तो बड़े नुकसान से बचा जा सकता था। फिलहाल आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं। दमकल विभाग ने आसपास की फैक्ट्रियों को भी खाली करा लिया है ताकि किसी बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस भी तैनात है।

## चार दिन बाद देर शाम सरकारी डॉक्टरों की हड़ताल खत्म

# डॉक्टरों की हड़ताल से अटके एक्स-रे व अल्ट्रासाउंड, आज मिल सकती है राहत

- पीजीआई रोहतक व वर्ल्ड कॉलेज के चिकित्सकों को बुलाकर करवाया जा रहा मरीजों का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले के सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सकों की हड़ताल वीरवार को भी जारी रही। इससे मरीजों को जहां ओपीडी में धक्के खाने पड़े, वहीं अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे के लिए भी भटकना पड़ा। वहीं, चंडीगढ़ में हड़तालरत चिकित्सकों व सरकार में सहमति बनने पर शुक्रवार से डॉक्टर काम पर लौटेंगे। इससे कुछ राहत की उम्मीद है। वहीं, शुक्रवार को ओपीडी में भीड़ लग सकती है। एचसीएमएस एसोसिएशन के आह्वान पर लगातार चार दिन चली हड़ताल से लोगों को परेशानी आई।

हालांकि गुरुवार को भी नियमित ओपीडी में कम लोग पहुंचे। एक्स-रे भी लोगों को बाहर से कराने पड़े। हड्डी रोग विशेषज्ञ न होने के कारण कई लोग निजी अस्पतालों में उपचार कराने को मजबूर रहे। बता दें कि सरकारी चिकित्सकों द्वारा लिए गए सामूहिक अवकाश के बाद जब उनकी मांगें नहीं मानी गई तो उन्होंने अपना सामूहिक अवकाश अनिश्चितकालीन हड़ताल में तब्दील कर लिया, जो चार दिन तक चला।

अस्पताल प्रशासन द्वारा पीजीआई रोहतक व वर्ल्ड कॉलेज के चिकित्सकों को बुलाकर ओपीडी सेवाएं सुचारू की गई।

महिला रोग, बाल रोग, मेडिसन, आर्थो, टीकाकरण आदि ओपीडी में ट्रेनी चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई, जहां लोगों को दवाएं लिखकर दी जा रही है। लोगों का कहना है कि इसके अलावा हड्डी रोग विशेषज्ञ व सर्जन न होने के कारण ऑपरेशन भी नहीं किए गए।



झज्जर। नागरिक अस्पताल की ओपीडी में लगी लोगों की भीड़। *फोटो : हरिभूमि*

**डॉक्टरों की हड़ताल से इलाज रहा प्रभावित**



बहादुरगढ़। नेत्र विभाग में जांच कराने आए लोग। फोटो : हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** एसएमओ की सीधी भर्ती पर रोक लगाने सहित अन्य मांगों को लेकर डॉक्टरों की हड़ताल लगातार चार दिन जारी रही। हड़ताल के चलते अस्पताल में कोई विभाग सुनसान रहा तो कहीं पर भीड़भाड़ लगी है। हड़ताल की पूर्व सूचना के चलते अस्पताल में अब मरीज भी कम आ रहे हैं। दरअसल, एसएमओ की सीधी भर्ती रोकने, मोडिफाइड एसीपी स्ट्रक्चर लागू करने सहित अन्य मांगों को लेकर एचएसएमएसए के आह्वान पर प्रदेशभर के डॉक्टर सोमवार को हड़ताल पर चले गए थे। तब से सरकारी अस्पतालों में सेवाएं प्रभावित हैं। हालांकि सरकार की ओर से अस्पतालों में वैकल्पिक व्यवस्था की गई है लेकिन सेवाएं प्रभावित हैं। अल्ट्रासाउंड व ऑपरेशन सहित कई तरह की जांच व इलाज प्रभावित है। बुधवार को सरकार की ओर से तीन मांगें मानने की बात सामने आई थी लेकिन डॉक्टरों ने हड़ताल समाप्त नहीं की। वीरवार को भी बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में विशेषज्ञ नियमित डॉक्टर हड़ताल पर रहे। हड़ताल का असर अस्पताल में देखने को मिल रहा है। आम दिनों की अपेक्षा मरीज कम आ रहे हैं। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के महासचिव डॉ. पीयूष ने कहा कि वीरवार देर शाम को पंचकूला में बैठक है। बैठक में जो निर्णय लिया जाता है, उसे शुक्रवार को लागू कर आगे का कदम उठाया जाएगा।

# संपत्ति कर न भरने पर 10 प्रॉपर्टी सील, १० लाख वसूले



झज्जर। शहर के एक प्रतिष्ठान पर सीलिंग कार्रवाई करते हुए नप टीम।

- आठ संपत्ति मालिकों ने कर अदा कर रसीद प्रस्तुत की, दो नहीं माने तो नगर परिषद ने सील नहीं हटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

नगर परिषद द्वारा वीरवार को शहर में संपत्ति कर वसूली अभियान चलाया गया। अभियान के तहत लगभग 20 लाख रुपये की राशि वसूल की गई। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट पालिका अभियंता सुनील चुघ व पुलिस बल के साथ शहर की 10 कॉमर्शियल संपत्तियों पर कार्रवाई की गई, जिनमें से छह संपत्तियों को सील किया गया। इनमे से चार संपत्ति मालिकों द्वारा मौके पर बकाया संपत्ति कर अदा कर दिया गया, जिनकी सील को खोल दिया गया और 4 संपत्ति मालिकों द्वारा संपत्ति कर अदा करके रसीद प्रस्तुत कर दी गई, जबकि 2 प्रतिष्ठानों को संपत्ति कर अदा न करने की सूरत में सील रखा गया।

उन्होंने बताया कि नगर परिषद द्वारा संपत्ति कर वसूली अभियान के तहत लगभग 20 लाख रुपये की राशि वसूल की गई और यह अभियान निरन्तर जारी रहेगा। उन्होंने सभी बकाया संपत्ति कर दाताओं से अपील की कि वे अपना संपत्ति कर अदा करें अन्यथा संबंधित के विरुद्ध भी संपत्ति कर की वसूली के लिए सीलिंग की कार्रवाई की जा सकती है। इस दौरान नप टीम में सचिव मोहन लाल, मुख्य सफाई निरीक्षक अविनाश सिंगला, लेखाकार अशोक कुमार, गृहकर लिपिक राजपाल व मनजेश मौके पर मौजूद रहे।

## शहीद सुजीत के परिजन को सीएम की स्वीकृति पर मिली नौकरी

- झारखंड में उग्रवादियों के हमले में शहीद हुए थे सुजीत कुमार सीएम सैनी ने दी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव सिद्दीपुर के शहीद सुजीत कुमार के परिवार को हरियाणा सरकार की ओर से बड़ी राहत मिली है। झारखंड में उग्रवादियों के हमले में शहीद हुए सुजीत कुमार के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करने का स्वीकृति पत्र जारी कर दिया गया है।

दरअसल, शहीद सुजीत कुमार के पिता जयभगवान कुछ दिन पहले भाजपा नेता जसवीर सैनी के साथ दिल्ली में सीएम नायब सिंह सैनी से मिले थे। मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपकर शहीद के आश्रितों को हरियाणा सरकार में रोजगार प्रदान करने की मांग की थी। सीएम नायब सैनी ने इस मांग पर संवेदनशीलता दिखाते हुए शहीद परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

स्वीकृति पत्र मिलने के बाद शहीद के छोटे भाई संदीप गौतम वीरवार को जसवीर सैनी के घर पहुंचे और उनका व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया।



बहादुरगढ़। नौकरी का स्वीकृति पत्र दिखाते शहीद सुजीत के भाई संदीप।

## दादरी तोए के सरपंच को किया निलंबित

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 51(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गांव दादरी तोए के सरपंच सुनील को निलंबित कर दिया है। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी बादली की रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई अमल में लाई गई है।

सरपंच के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज हुआ है, जोकि नैतिक अधमता की श्रेणी के अंतर्गत आता है। सरपंच पर पद का दुरुपयोग करना दर्शाता है। इस मामले में एसडीएम बादली डॉ. रमन गुप्ता को नियमित जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। आदेशों के अनुसार पद से निलंबित सरपंच ग्राम पंचायत की किसी भी कार्यवाही में भाग नहीं ले सकता व नियंत्रण वाली संपत्ति बहुमत रखने वाले पंच को सौंपने के आदेश दिए हैं।

# रील बना रहे 2 युवक ट्रेन की चपेट में आए

- मृतक युवकों की नहीं हो पाई पहचान, जीआरपी ने शव नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर में दिल दहलाने वाला हादसा सामने आया है। यहां रेलवे ट्रैक पर दो दोस्तों की मौत हो गई। मोबाइल पर रील बनाते वक्त दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की है। हादसा छोटूराम नगर रेलवे फाटक के निकट हुआ है।

जानकारी के अनुसार, वीरवार की सुबह करीब 11 बजे दो युवक यहां मोबाइल से रील शूट कर रहे थे। रील बनाते बनाते ट्रैक पर पहुंच गए और अपनी सुरक्षा का ख्याल नहीं रखा। इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आ गए। आसपास मौजूद लोग जब मौके पर पहुंचे तो दृश्य भयावह था। दोनों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस को मृतकों के कपड़ों या हादसे स्थल से पहचान संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिला। मोबाइल भी हादसे में बुरी तरह क्षतिग्रस्त पाए गए।

अब पुलिस सिम कार्ड और तकनीकी जांच के आधार पर उनकी पहचान के प्रयास में जुटी है। दोनों की उम्र करीब 19 से 21 वर्ष के बीच मानी जा रही है। लोगों ने बताया कि युवक रेलवे लाइन किनारे रील बना रहे थे। कैमरे में अच्छा एंगल पाने के चक्कर में शायद वे पीछे आती ट्रेन की आवाज सुन ही नहीं पाए। कुछ ही सैकड़ों में सब खत्म हो गया। जांच अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि शवों को 72 घंटे के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। युवाओं से अपील है कि रील बनाने की चाह में अपने जीवन को जोखिम में न डालें।



बहादुरगढ़। अस्पताल में पहुंची जीआरपी टीम।

### रेलवे ट्रैक पर मिला बुजुर्ग का शव

**बहादुरगढ़।** गांव रोहद के निकट रेलवे ट्रैक किनारे एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिला। ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। घटना बुधवार शाम की है। यहां ट्रैक के साथ पड़े शव पर किसी की नजर गई तो पुलिस को सूचना दी गई। जीआरपी बहादुरगढ़ से पुलिस वहां गई और शव कब्जे में लिया। जांच अधिकारी राजेश कुमार के अनुसार, मृतक की उम्र करीब 60 वर्ष आंकी जा रही है। अभी पहचान नहीं हो सकी है।

**सुविधा** | कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज की रेडक्रॉस अधिकारियों के साथ बैठक

# कामकाजी महिलाओं के लिए रेडक्रॉस खोलेगा हॉस्टल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष प्रवीण गर्ग के नेतृत्व में वीरवार को गणपति धाम स्थित कोबी कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी अपनी टीम के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहे। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं सुविधाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की।



बहादुरगढ़। अंकुश मिगलानी को स्मृति चिह्न देते प्रवीण गर्ग। *फोटो : हरिभूमि*

अंकुश मिगलानी ने कई महत्वपूर्ण एवं लाभकारी जानकारियां साझा की। उन्होंने बताया कि दिव्यांग कर्मचारी या कर्मचारियों पर आश्रित दिव्यांग परिजनों के लिए व्हीलचेयर, सुनने की मशीन व अन्य उपकरण दिए जाते हैं। बहादुरगढ़ में ब्लड बैंक, कर्मचारियों के लिए प्राथमिक उपचार केंद्र और रियायती दरों पर जांच केंद्र भी जल्द खोले जाएंगे। महिला आहार जागरुकता के लिए ट्रेनिंग एवं जागरुकता कैंप उद्योगों में लगवाए जाएंगे। रेडक्रॉस के माध्यम से उद्योगों के सहयोग से कामकाजी महिलाओं के लिए जल्द हॉस्टल सुविधा भी शुरू की जाएगी। इसके साथ-साथ एम्बुलेंस सेवा भी शुरू की जाएगी। यह सेवा औद्योगिक कर्मचारियों के लिए निःशुल्क रूप से उपलब्ध रहेगी। बैठक में कोबी महासचिव प्रदीप कौल, संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, उद्योगपति दीपक शर्मा, नवल गर्ग, सरदार गुरप्रीत सिंह, तिलक राज गर्ग, रवि चमड़िया, सत्यवीर हुड्डा, मनीष गुप्ता, संजय जैन, चिराग सिंघल, गणपत शर्मा, सुमित गर्ग, अनिल गोयल, सचिन गर्ग, श्रवण शर्मा, अंकुर मित्तल, पवन शर्मा, कपिल दलाल, चंद्र मोहन, ब्रह्म पाल, विजेंद्र गुलाटी व दीपक साहनी आदि मौजूद रहे।

## सीएम फ्लाइंग का एचएसवीपी कार्यालय में छापा, तीन कर्मचारी गैरहाजिर मिले

- लंबित शिकायतों और आवेदनों से जुड़े रिकॉर्ड की जांच की और दस्तावेज कब्जे में लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सेक्टर-9 स्थित हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण कार्यालय में वीरवार सुबह सीएम फ्लाइंग स्क्वॉड ने अचानक छापेमारी की। जांच के दौरान टीम को तीन कर्मचारी बिना सूचना के गैरहाजिर मिले। सुबह करीब साढ़े 9 बजे सीएम फ्लाइंग के एसआई रामनिवास के नेतृत्व में दस्ते ने कार्यालय में प्रवेश किया। टीम ने 10 बजे तक स्टाफ के पहुंचने का इंतजार किया, लेकिन तीन कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं आए और न ही उनकी गैरहाजिरी को लेकर कोई जानकारी कार्यालय में दी गई थी। छापेमारी के दौरान टीम ने लंबित शिकायतों और आवेदनों से जुड़े रिकॉर्ड की जांच की और उससे संबंधित दस्तावेज अपने कब्जे में लिए। इसके बाद पूरी कार्रवाई की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। सीएम फ्लाइंग की इस कार्रवाई से न केवल प्राधिकरण कार्यालय में, बल्कि अन्य सरकारी विभागों में भी हड़कंप मचा रहा है।

अमेजिंग
शिखर चंद जैन

# ये हैं दुनिया के सुपर कोल्ड प्लेसेस

बच्चो, जाड़े के मौसम में जब टेंपरेचर 5-10 डिग्री सेल्सियस के आस-पास तक पहुंच जाता है तो हमें जोरों की ठंड लगने लगती है। जरा सोचो, अगर टेंपरेचर माइनस 80-90 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाए, तो क्या होगा? सोचकर ही कंपकंपी छूट गई न! दुनिया की कुछ ऐसी ही जगहों के बारे में हम बता रहे हैं, जहां पड़ती है कड़ाके की ठंड।



## याकुत्स्क-साइबेरिया रूस



**रूस के** साइबेरिया में स्थित याकुत्स्क शहर दिसंबर के महीने में पूरी तरह से आइसक्रीम की तरह जम जाता है। इस महीने इस शहर का तापमान -31 से -41 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच जाता है। यहां महज चार घंटे के लिए सूरज की रोशनी मिलती है। याकुत्स्क को दुनिया का सबसे कम तापमान वाले शहर का खिताब मिला हुआ है। 5 फरवरी 1891 को यहां अब तक का सबसे कम तापमान -64.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। याकुत्स्क में पर्माफ्रॉस्ट का अनुभव होता है। पर्माफ्रॉस्ट का मतलब ठंडे तापमान के कारण जमीन का स्थायी रूप से जम जाना होता है। इस शहर की कुल आबादी 3 लाख 55 हजार है। *



## पूर्वी अंटार्कटिक पठार अंटार्कटिका

**पूर्वी अंटार्कटिक** पठार, जिसे अंटार्कटिक पठार या किंग हाकोन सेवेन पठार भी कहा जाता है, पूर्वी अंटार्कटिका के लगभग दो-तिहाई हिस्से में फैला हुआ है। यह पृथ्वी पर सबसे ठंडा स्थान है। यहां अब तक का न्यूनतम तापमान -94.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसकी जलवायु अत्यधिक ठंडी और शुष्क है। यह एक विशाल महाद्वीपीय पठार है, जो लगभग 3,000 मीटर (9,800 फीट) की औसत ऊंचाई पर स्थित है। यह पठार एक मोटी, स्थाई बर्फ की चादर से ढंका हुआ है, जिसकी मोटाई कुछ जगहों पर साढ़े चार किलोमीटर तक हो सकती है। अत्यधिक ठंड के कारण यहां कोई जीव-जंतु नहीं पाए जाते हैं। यहां के कुछ तटीय क्षेत्रों को छोड़कर, वनस्पतियों के रूप में केवल लाइकेन और मॉस ही पाए जाते हैं। *




## वोस्तोक स्टेशन अंटार्कटिका

**वोस्तोक अनुसंधान** केंद्र की स्थापना सोवियत संघ (पूर्व में रूस और कुछ अन्य देशों का संघ) ने 1957 में की थी। दक्षिणी ध्रुव पर स्थित, दक्षिणी गोलार्ध के इस क्षेत्र में जुलाई 1983 में अब तक का न्यूनतम तापमान -89.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह पृथ्वी के सबसे शुष्क स्थानों में से एक है। यहां प्रति वर्ष लगभग 20 मिलीमीटर वर्षा होती है, लेकिन यहां पानी नहीं बर्फ बरसती है। *

## क्लिंक स्टेशन ग्रीनलैंड

**क्लिंक मौसम** केंद्र, आर्कटिक सर्कल का सबसे ठंडा स्थान है। मध्य ग्रीनलैंड में स्थित क्लिंक स्टेशन में साल 1991 के दिसंबर में -69.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो ओम्याकॉन के पिछले रिकॉर्ड से -2 डिग्री सेल्सियस कम है। बच्चो, चिंता की बात यह है कि अत्यधिक ठंड के बावजूद, ग्लोबल वार्मिंग के कारण ग्रीनलैंड की अधिकांश बर्फ पिघल रही है। *





## ओम्याकॉन-साइबेरिया रूस

**आर्कटिक सर्कल** के उत्तरी ध्रुव पर स्थित ओम्याकॉन पृथ्वी पर सबसे ठंडा स्थाई रूप से बसा हुआ स्थान है। 1933 में यहां का न्यूनतम तापमान -67.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। यहां सर्दियों के दौरान औसत न्यूनतम तापमान लगभग -50 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहता है। 500 से कम आबादी वाले इस शहर में स्कूल केवल तभी बंद होते हैं, जब तापमान -55 डिग्री सेल्सियस से कम हो। यहां की अत्यधिक ठंड का एक कारण यह है कि यहां की पहाड़ियां ठंडी हवा को अंदर आने देती हैं और गर्म हवा को बाहर रखती हैं। इसके अतिरिक्त, दिन के समय यहां बहुत कम उजाला रहता है, जिससे तापमान और भी गिर जाता है। *

## एमंडसन-स्कॉट स्टेशन अंटार्कटिका


दक्षिणी ध्रुव पर स्थित, एमंडसन-स्कॉट स्टेशन 1956 में बनाया गया था। यहां गर्मियों में छह महीने धूप और सर्दियों में छह महीने पूरी तरह अंधकार



रहता है। पूर्वी अंटार्कटिक पठार के इस हिस्से में जून 1982 में सबसे कम तापमान -82.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस स्टेशन का औसत वार्षिक तापमान लगभग -49.4 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहता है। यह दुनिया के सबसे दक्षिणी अनुसंधान केंद्रों में से एक है, जो अंटार्कटिका के ठंडे वातावरण में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करता है। यहां खगोल विज्ञान, भूकंप विज्ञान और जलवायु परिवर्तन जैसे विविध विषयों पर शोध किए जाते हैं। *

# न ही नीला, न ही गाय फिर क्यों कहते हैं नीलगाय?

बच्चो, नीलगाय का नाम सुनकर ऐसा लगता है जैसे, यह कोई ऐसी गाय होगी, जिसका रंग नीला होता होगा। या नीले रंग की गाय होती होगी। लेकिन ऐसा नहीं है! जानो, नीलगाय के बारे में कुछ बातें।



जीव जंतु
नयनतारा

बच्चो, नीलगाय एक ऐसा जानवर है, जिसका नाम उसके गुणों से मेल नहीं खाता। नीलगाय न तो नीला होता है और न ही यह गाय है। तो फिर इस पशु को नीलगाय क्यों कहते हैं? क्या हैं इसकी शारीरिक विशेषताएं, जानो।



**रंग अलग-रूप अलग:** नीलगाय के शारीरिक रंग की बात करें तो इसका रंग इसके नाम के अनुरूप नीला नहीं, बल्कि स्लेटी या धूसर होता है। दूसरी बात कि यह गाय जैसा नहीं बल्कि घोड़े की तरह दिखाई देता है। हालांकि यह घोड़े की तरह तेज नहीं दौड़ पाता। ऐसा इसलिए, क्योंकि नीलगाय का पिछला हिस्सा अगले हिस्से से कम ऊंचा होता है।

**नीलगाय नाम क्यों पड़ा:** बच्चो, तुम सोच रहे होगे कि कलर और शारीरिक संरचना में इतना अंतर होने के बावजूद इसका नाम 'नीलगाय' क्यों पड़ा? दरअसल, इसका स्लेटी या धूसर रंग दूर से देखने पर 'नीला' दिखाई देता है। रंग की बात समझने के बाद अब यह भी जान लो कि इसके नाम में 'गाय' क्यों जोड़ा गया? इसका कारण यह है कि मादा नीलगाय अपने भूरे रंग के कारण गाय की तरह दिखती है। इन्हीं दो कारणों से इसे नीलगाय कहा जाता है। वैसे वैज्ञानिक तौर पर इसे हिरण परिवार का सदस्य माना जाता है।

**क्या नीलगाय हिंसक होता है:** बच्चो, हर जीव-जंतु की अपनी एक विशेषता होती है। कुछ काफी खतरनाक होते हैं, तो कुछ का स्वभाव बेहद शांत होता है। नीलगाय की बात करें, तो यह आमतौर से शांत स्वभाव का पशु है। लेकिन इसे छेड़ने पर यह घोड़े की तरह दुलत्ती भी मार सकता है। वैसे, नीलगाय दूर से देखने में बहुत ही प्यारा लगता है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र

## बाल गीतों का मनभावन संग्रह

बच्चो, हाल ही में तुम्हारे लिए शिशु और बाल गीतों का एक प्यारा-सा संग्रह आया है, नाम है-कुहू। इसके रचनाकार हैं राजा चौरसिया। इस संग्रह में कुल 40 गीत संकलित हैं। इस संग्रह में गीतों का संकलन कुछ ऐसा है कि इसे पढ़-सुनकर हर उम्र के बच्चे को आनंद आएगा। इसमें अलग-अलग विषयों पर गीत हैं। 'कुहू', 'बंदर और बंदरिया', 'गोलू और गधा', 'तुलसी', 'भूमि की महिमा', 'ज्ञान और विज्ञान', 'ओ पापा!', 'मम्मी ने कहा', 'ओ मेरी नानी!', 'दादा जी', 'हम', 'होली आई रे!', 'उत्सवी उत्साह' जैसे गीत तुम्हें खूब भाएंगे। इनमें से कुछ में तुम्हें प्रकृति और पर्व-त्योहार की झलक मिलेगी। कुछ गीत तुम्हें प्यारी-सी सीख भी देंगे। संग्रह में 'कुहू' जैसे कुछ गीत बहुत ही छोटे हैं तो 'बचपन के दिन : ताक-धिनाधिन' जैसे थोड़े बड़े गीत भी हैं। इन गीतों को पढ़कर, गुनगुनाकर, अपने छोटे भाई-बहनों को सुनाकर तुम्हें बहुत मजा आएगा। इस संकलन में बाल गीतों के साथ उनसे मेल खाते सुंदर और मोहक चित्र भी छपे हैं। *




**किताब :** कुहू (शिशु एवं बाल गीत), **लेखक :** राजा चौरसिया, **मूल्य :** 125 रुपए, **प्रकाशक :** पाथेय प्रकाशन, जबलपुर

## बूझो तो जानें





1. कांच के लेंस में मैं बैठा हूं
दूर को पास दिखाता हूं।
गगन, चंद्रमा,नक्षत्रों के
गुप्त रहस्य बताता हूं।

2. न जल हूं, न कोई धार
फिर भी बहती हर घर-बार।
चमक दिखाऊं, काम कराऊं
मुझसे चलें मशीन हजार।

3. आंखों को न दिखाई देती
रहूं रात-दिन सबके पास।
पेड़ों की पत्तियां हिलाती
मुझसे ही लेते सब श्वास।

- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1.दूरबीन, 2.बिजली, 3.हवा

## जीके क्विज-183



1. वर्ष 2030 का कॉमनवेल्थ गेम्स भारत के किस राज्य में आयोजित किया जाएगा?
2. मध्यप्रदेश के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3. चींटियों के काटने से किस एसिड के कारण जलन होती है?
4. फिडे वर्ल्ड कप का संबंध किस खेल से है?
5. दुनिया में सबसे अधिक ज्वालामुखी (वॉल्केनो) वाला देश कौन-सा है?
6. एफिल टॉवर किस शहर में स्थित है?
7. स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री कौन थे?
8. सुभाष चंद्र बोस को सबसे पहले 'नेताजी' किसने कहा था?
9. मिट्टी का अध्ययन क्या कहलाता है?
10. वायुमंडल में कौन-सी गैस सर्वाधिक पाई जाती है?



बच्चो, जीके क्विज-183 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-182 का उत्तर :** 1. गुरु तेग बहादुर, 2. लक्ष्य सेन, 3. आरिफ मोहम्मद खान, 4.तिरुवनंतपुरम, 5. हरिवंश राय बच्चन, 6.प्रोपेन और ब्यूटेन, 7.विटामिन-डी, 8.नेपाल, 9.ऑस्ट्रेलिया, 10.सहारा

**जीके क्विज-182 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, ज्योति-बैकुंठपुर, कनिका-रायपुर, अमन-दुर्ग, विकास-रोहतक, कार्तिक-महासमुंद, प्रवीण-बिलासपुर, रजत-भोपाल



कहानी
अंजना मनोज गर्ग

ठिठुरती सर्दी में गोलू रजाई में मुंह ढंके लेटा था। उसका स्कूल जाने का जरा भी मन नहीं था। तभी उसे लगा, उसकी रजाई उससे स्कूल जाने के लिए बोल रही है। गोलू को आश्चर्य हुआ कि रजाई बोल भी सकती है! क्या रजाई सचमुच गोलू से कुछ बोल रही थी, कोई सीख दे रही थी? पढ़ो, मजेदार कहानी।

## रजाई की सीख

सुबह के सात बज गए थे। गोलू था कि रजाई में से निकलने का नाम ही नहीं ले रहा था। मम्मी, रसोई में खाना बनाते हुए उसे जगाने के लिए बार-बार आवाज लगा रही थीं, लेकिन उसका रजाई से बाहर निकलने का मन नहीं हो रहा था। बाहर बहुत तेज सर्दी थी। उसके लिए स्कूल जाना और भी कठिन था।

'मम्मी अभी आएंगी, मीठी-मीठी बातें करेंगी और झट से रजाई हटाकर मुझे तैयार करके स्कूल भेज देंगी। उफ! इतनी सर्दी है, मैं स्कूल नहीं जाऊंगा।' गोलू रजाई के भीतर मन ही मन बुदबुदाया।

'क्या बुदबुदा रहे हो गोलू?' एक आवाज आई।


'हुं..ह.. कौन!' एकदम से आई आवाज से गोलू चौंका। उसने रजाई से सिर बाहर निकाल कर देखा, बाहर कोई नहीं था।

'अरे! बाहर क्या देख रहे हो गोलू? मैं यहां तुम्हारी रजाई बोल रही हूं।' हंसती हुई रजाई कुछ फैल गई।

गोलू सकपकाया, धीमे से बोला, 'तुम बोलती भी हो!'

'हां, मुझे बोलना पड़ता है, जब गोलू जैसे बच्चे मेरा गलत फायदा उठाते हैं।' रजाई प्यार से बोली।

'अरे, मैंने क्या गलत फायदा उठाया तुम्हारा?' गोलू ने चिढ़ते हुए रजाई से पूछा। 'देखो तो दिन चढ़ आया है। तुम्हारे स्कूल जाने का समय भी हो रहा है। तुम्हारी मम्मी तुम्हें जगाने के लिए कितनी देर से आवाज लगा रही हैं, लेकिन तुम हो कि मुझे छोड़ना ही नहीं चाहते हो।' रजाई बोली।


एआई इमेज

'सर्दी कितनी तेज है, ऐसे में स्कूल कैसे जाऊं? तुम्हीं बताओ रजाई।' गोलू ने अपनी बात रखी।

'ओह तो ये बात है! अच्छा गोलू, एक बात बताओ, अगर मम्मी भी सर्दी में मुझमें दुबकी रहें, पापा भी ऑफिस न जाएं और दूध वाला, सब्जी वाला, अखबार वाला और भी सभी लोग मुझमें यह सोचकर दुबके रहें-भई सर्दी बहुत ज्यादा है, हम कोई काम नहीं करेंगे, फिर?' रजाई ने गोलू से सवाल किया।

'अरे! रजाई, अगर मम्मी खाना नहीं बनाएंगी तो मैं, छोटी, पापा सब भूखे रह जाएंगे न।' नन्हे गोलू का ध्यान किसी में नहीं बस मम्मी पर ही अटका था।

गोलू की इस मासूमियत पर रजाई जोर से हंस पड़ी, उसने पूछा, 'और बाकी सब?'

'वो तो उनके अपने काम हैं, उनको तो करने ही हैं। लेकिन मैं तो अभी छोटा हूं न!' गोलू मुंह बना कर बोला।

'छोटे हो, तभी तो तुम्हें केवल एक ही काम करना है, स्कूल जाकर पढ़ाई। बाकी सारे काम तुम्हारे मम्मी-पापा कर ही रहे हैं।' रजाई ने गोलू से कहा।

'हां! अब मैं समझ गया, रजाई।' सिर झुकाए-झुकाए गोलू बोला।

'क्या समझे?' रजाई ने मुस्कुराते हुए जानना चाहा।

'यही कि मुझे रोजाना समय पर तैयार होकर स्कूल जाना चाहिए, चाहे कितनी ही सर्दी हो।' गोलू उत्साह से बोला।

'हां, वेरी गुड! तो अब पहला काम तुम्हें क्या करना है?' रजाई ने गोलू का मन टटोला।

गोलू तुरंत बोला, 'मुझे अभी आपको छोड़कर स्कूल जाना होगा, लेकिन इतनी सर्दी...!'

'तो मैं हूं ना, जब तुम स्कूल से आओगे तो मैं अपनी गर्म-गर्म गोद में तुम्हें फिर से समेट लूंगी, मेरे प्यारे गोलू।' गोलू की बात पूरी होने से पहले ही रजाई बोल पड़ी।

तभी गोलू ने जैसे ही रजाई से सिर निकाला तो पाया कि मम्मी उसे जगा ही रही हैं।

'ओह, तो यह मैं सपना देख रहा था! लेकिन कुछ भी हो, रजाई ने सीख अच्छी दी।' गोलू मन ही मन बोला।

गोलू स्कूल के लिए तैयार हुआ तो बेड पर तह बनी रजाई उसे दिखाई दी। उसे लगा, स्कूल के लिए तैयार होते देखकर रजाई मुस्कुरा रही है। *

कविता
मीरा सिंह 'मीरा'



## लाल परी

सपने में मिलने आई कल
प्यारी एक परी।
सुंदर-सुंदर पंखों वाली
लेकर हाथ छड़ी।।
पूछा मैंने नाम बताओ
बोली लाल परी।
लाल रंग के कपड़े पहनी
आंखें बड़ी-बड़ी।।
कानों में हंसकर वह बोली
बाहर तो निकलो।
परी लोक की सैर कराऊं
तुम भी साथ चलो।।
उड़ती-उड़ती जा पहुंची कल
परी लोक सच में।
पेड़ लगे थे चॉकलेट के
बागों में कितने।।

## रंग भरो-191

**रंग भरो-191** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आन्या, दुर्ग


आशना, जांजगीर


अनन्या, महासमुंद


अंकित, धमतरी


अवनी, रायपुर



पयोनिधि, अंबिकापुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

डॉली-दुर्ग, प्रियंका-रायपुर, रितेश-मटियारी, डॉली-मटियारी, समृद्धि-शहडोल, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, सोनम-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, अंकुश-करनाल, तुषार-बिलासपुर, हर्षिता-कोरबा

## रंग भरो 192





बच्चो, यहां अपने क्यूट-से टेडी बियर को गोद में लेकर बैठी एक लड़की का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



झज्जर। नेत्रजांच कैंप में शामिल विद्यार्थी एवं चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### कैंप में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने करवाई नेत्र जांच

**झज्जर।** एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीरवार को नेत्र जांच कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में प्री नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की आंखों की जांच की गई। इस दौरान संस्कारम् हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर के चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। चिकित्सकीय टीम सदस्य डॉक्टर स्वाति वर्मा व डॉक्टर शिवानी किन्हा ने विद्यार्थियों को आंखों की देखभाल के उपाय व साफ रखने संबंधी सही तरीकों की जानकारी दी। स्कूल प्राचार्या निधि कादियान ने विद्यार्थियों से कहा कि वे चिकित्सकों द्वारा दिए सुझावों को ध्यान में रखें। इस मौके पर संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, स्कूल प्रबंधक केएम डागर, एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### साढ़े पांच लाख रुपये की ठगी का आरोपी पकड़ा

**झज्जर।** साइबर थाना की एक टीम द्वारा एक छात्र से साढ़े पांच लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक सोमबीर ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान ठाकुर विक्रम निवासी ग्राम नालू, तहसील खरालु, जिला महेसाणा गुजरात के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से ठगी में शामिल अन्य सहयोगियों, बैंक खातों, ऐप्स और धन के लेन-देन से संबंधित जानकारी प्राप्त की जाएगी।

### सिंचाई विभाग कार्यालय परिसर में हड़ताल पर बैठे कनिष्ठ अभियंताओं ने की नारेबाजी

# डिप्लोमा इंजीनियर्स की हड़ताल को कई कर्मचारी संगठनों ने दिया समर्थन

**एसोसिएशन के जिला प्रधान जितेंद्र ने कहा लंबे समय से उनकी जायज मांगों को अनदेखा किया जा रहा**



झज्जर। हड़ताल के दौरान नारेबाजी करते कनिष्ठ अभियंता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। झज्जर

सिंचाई विभाग के अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन द्वारा की गई अनिश्चितकालीन हड़ताल वीरवार को भी जारी रही। सिंचाई विभाग कार्यालय परिसर में हड़ताल पर बैठे कनिष्ठ अभियंताओं द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर आवाज उठाई गई। एसोसिएशन के जिला प्रधान जितेंद्र ने कहा कि लंबे समय से उनकी जायज मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल के साथ बीते मंगलवार को हुई अधिकारियों की बैठक में भी उनकी मांगें नहीं मानी गईं। इसके लिए एसोसिएशन द्वारा आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया है। एसोसिएशन के आह्वान पर वीरवार को प्रदेशाध्यक्ष सुंदर सिंह धरनास्थल पर पहुंचकर कनिष्ठ अभियंताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी जायज मांगें पूरी नहीं होती तब तक हड़ताल जारी रहेगी। इस मौके पर डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के सीनियर वाईज प्रेसीडेंट विवेक भारद्वाज, सैक्रेटरी जनरल संदीप गुलिया व उपप्रधान मनदीप मलिक सहित अन्य भी उपस्थित रहे। कनिष्ठ अभियंताओं को अन्य कर्मचारी संगठनों का समर्थन भी मिल रहा है। अनिश्चितकालीन हड़ताल में हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्लयूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन से जिला प्रधान नवीन ओहल्याण, सचिव देवेंद्र सहरावत, राज्य चेयरमैन जयपाल गुढ़ा, मैकेनिकल ब्रांच प्रधान अमित दलाल, बहादुरगढ से मनीष, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान रामबीर, सचिव नरेश कुमार, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान दिलबाग दलाल, कोषाध्यक्ष विष्णु जांगड़ा, सचिव राजबीर राहड़, देवेंद्र यादव आदि सदस्यों ने भी अपना समर्थन दिया।

#### सिंचाई भवन के 200 मीटर क्षेत्र में धरना-प्रदर्शन पर प्रतिबंध

*झज्जर। जिलाधीश स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत सिंचाई भवन के 200 मीटर क्षेत्र में धरना-प्रदर्शन पर प्रतिबंध के आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन द्वारा सिचांई भवन परिसर में धरना दिए जाने की सूचना है, जिससे कार्यालय परिसर सहित आसपास के सरकारी कार्यालयों में भीड़ इकट्ठा होने, विरोध प्रदर्शन, नारेबाजी, तंबू लगाने और अन्य प्रकार की बाधक गतिविधियों की आशंका है, जो सार्वजनिक व्यवस्था और आमजन के लिए असुविधा उत्पन्न कर सकती है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेश अनुसार सिचाई भवन और संबंधित कार्यालयों के 200 मीटर के दायरे में कोई भी व्यक्ति, समूह अथवा संगठन धरना, प्रदर्शन, मार्च, सभा, नारेबाजी, तंबू लगाना या किसी भी प्रकार की बाधक गतिविधि नहीं करेगा। आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।*

### दिल्ली में नहीं मिला प्रवेश

## आंगनबाड़ी वर्कर्स ने बहादुरगढ़ में किया धरना प्रदर्शन



बहादुरगढ़। मांगों को लेकर बहादुरगढ़ में प्रदर्शन करती आंगनबाड़ी वर्कर्स।

- दिल्ली के जंतर-मंतर पर होना था राष्ट्रीय स्तर का धरना, नहीं मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बहादुरगढ़

दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाला राष्ट्रीय स्तर का आंगनबाड़ी वर्करों का प्रदर्शन सरकार द्वारा मंजूरी रद्द किए जाने और राजधानी में डीजल वाहनों की एंट्री बंद होने के कारण दिल्ली बॉर्डरों से पहले ही अटक गया। वीरवार को बहादुरगढ़ बाईपास पर हिसार व सिरसा सहित दूर-दराज से आई वर्करों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वर्करों ने सांकेतिक रूप से दिल्ली को घेरते हुए अपना रोष व्यक्त किया। प्रदर्शन का नेतृत्व आंगनबाड़ी वर्करों की राज्य प्रधान जगमती मलिक ने किया। अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी कृति समिति के बैनर तले देशभर की वर्कर्स को जंतर-मंतर पहुंचना था, लेकिन अंतिम समय पर परमिशन कैंसिल और डीज़ल वाहनों की रोक ने आंदोलन को दिल्ली की सीमाओं तक सीमित कर दिया। जगमती मलिक ने कहा कि आंगनबाड़ी वर्कर्स लंबे समय से कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, ग्रेच्युटी लागू करने और मानदेय बढ़ाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार लगातार अनदेखी कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा में आंगनबाड़ी वर्कर्स को वेतन समय पर नहीं मिलता, साथ ही केंद्र संचालन के लिए विभाग की ओर से मिलने वाले कई फंड भी समय पर उपलब्ध नहीं कराए जाते, जिसके कारण उन्हें अपने स्तर पर व्यवस्थाएं करनी पड़ती हैं।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य जीतपाल। फोटो : हरिभूमि

### स्वरोजगार अपनाने के लिए किया प्रेरित

**झज्जर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झज्जर एट गुढ़ा में वीरवार को उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य जीतपाल ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रशिक्षण पूरा करने के बाद स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने के लिए प्रेरित करना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। यह कार्यक्रम आईटीआई प्रशिक्षणार्थियों को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सक्षम बनाकर स्वरोजगार स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगा। इंडस्ट्रियल एक्सटेंशन अधिकारी ने विद्यार्थियों को पीएम रोजगार सृजन योजना के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सरकार युवाओं को उद्यम स्थापित करने के लिए विशेष लोन और सब्सिडी उपलब्ध करवा रही है, जिसका युवा वर्ग अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# अंडरपास की बदहाली को लेकर लोगों का फूटा गुस्सा

- लाइनपार निवासियों ने कर्मबीर शर्मा के नेतृत्व में रेलवे अधिकारियों को सौंपी शिकायत
- पानी लीकेज और धूल से परेशान, अंडरपास को नियमित रूप से खोलने की मांग



बहादुरगढ़। रोष व्यक्त करते अंडरपास में एकत्र लाइनपार निवासी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बहादुरगढ़

शहर के अंडरपास की लगातार खराब होती स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। वीरवार सुबह बड़ी संख्या में लोग अंडरपास पर इकट्ठा हुए और मौके पर ही इसके हालात पर विस्तृत चर्चा की। इस विरोध और संवाद कार्यक्रम का नेतृत्व पार्षद ज्योति शर्मा के पति कर्मवीर शर्मा ने किया। लाइनपार निवासियों ने बताया कि बीते दो महीने से अंडरपास को बंद रखा गया है, लेकिन लंबे समय तक बंद रहने के बावजूद न तो पानी की लीकेज समस्या का समाधान किया गया और न ही धूल-मिट्टी से राहत मिल पाई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अंडरपास से गुजरते समय धूल की वजह से आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत और वाहनों को नुकसान जैसी दिक्कतें अक्सर झेलनी पड़ती हैं। पार्षद पति कर्मबीर शर्मा ने बताया कि अंडरपास लाइनपार क्षेत्र को शहर से जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है और रोजाना हजारों लोग इसी रास्ते से गुजरते हैं। लगातार बंद रहने और मरम्मत कार्यों में लापरवाही के कारण लोगों को लंबे समय से परेशान होना पड़ रहा है। अंडरपास पर स्थिति का जायजा लेने के बाद सभी लोग एकजुट होकर बहादुरगढ़ के रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई। लोगों ने मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द लीकेज दुरुस्त की जाए, धूल से निपटने के पुख्ता कदम उठाए जाएं और अंडरपास को सुचारु रूप से खोला जाए ताकि नागरिकों को राहत मिल सके। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन को व्यापक रूप देंगे।

## गोरक्षा के साथ बचाएं राष्ट्रीय संस्कार : दिनेश



बहादुरगढ़। दिनेश शेखावत का स्वागत करते कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

- राष्ट्रीय गोरक्षा वाहिनी गो सेवा संघ की बैठक में किया विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बहादुरगढ़

राष्ट्रीय गोरक्षा वाहिनी गो सेवा संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शेखावत की मुख्य उपस्थिति में वीरवार को ओमेक्स सिटी के समीप 200 फुटा रोड पर कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। समाजसेवी संजय मुदगल नेतृत्व में हुई बैठक में गो सेवा के पुनीत कार्य के लिए संगठन को अधिक मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया गया। दिनेश शेखावत ने गो माता की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। गोवंश सड़कों पर निराश्रित घूम रहा है। यह हमारे संस्कारों का पतन है। राष्ट्रीय गोरक्षा वाहिनी गो सेवा संघ का लक्ष्य गो माता के साथ सनातन संस्कारों को बचाना भी है। उन्होंने समाज में घुसे रोहिंग्या और बांग्लादेशी जैसे बाहरी तत्वों से सतर्क रहने की जरूरत समझाई।

#### बैठक में ये मौजूद रहे

बैठक में महेंद्र मुदगल, संतोष सोलंकी, सुदेश रंगा, सीमा छिकारा, राहुल खत्री, विजय स्वामी, शशि तंवर, नरेश तंवर, मुकेश तंवर, कविता रंगा, सीमा सांखोल, सोनिया तंवर, पूनम तंवर, राहुल मुदगल, रोहित शर्मा, राकेश, अमन, आनंद, कृष्ण, संजय प्रधान, कुषांत मुदगल, कर्मबीर दलाल, बिजेंद्र, सुमित दलाल, लक्ष्य डांगी, नीरज व यश खत्री आदि मौजूद रहे।

### क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा जारी कर सरकार ने दी किसानों को राहत : विकास वाल्मीकि



झज्जर। भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा करते हुए जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किसानों की फसल क्षति को देखते हुए प्रदेश सरकार ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए 53,821 किसानों को 116 करोड़ रुपये का मुआवजा जारी कर दिया है। यह राहत पैकेज उन किसानों के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होगा जिनकी फसलें हालिया बाढ़ से प्रभावित हुई थीं। इस निर्णय पर भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने मुख्यमंत्री तथा सभी संबंधित विभागों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सरकार का यह निर्णय किसान हित के प्रति गहरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जिले के किसी भी पात्र किसान को सहायता से वंचित नहीं रखा जाएगा और संगठन प्रशासन के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखेगा। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी गीतांशु चावला ने भी सरकार के इस निर्णय को सराहनीय बताया।

## नेशनल शूटिंग में गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। झज्जर

69वीं नेशनल स्कूल गेम्स शूटिंग प्रतियोगिता में शहर के सीताराम गेट निवासी अनमोल सैनी ने गोल्ड मेडल हासिल कर अभिभावकों व जिले का नाम रोशन किया है। विजेता खिलाड़ी के सम्मान में परिजनों व शहरवासियों द्वारा सीताराम गेट स्थित सैनी धर्मशाला में समारोह का आयोजन किया गया। इंदौर में आयोजित इस प्रतियोगिता से जीत कर लौटे अनमोल को परिजनों व युवाओं द्वारा बस स्टैंड से डीजे, गाड़ियों व मोटरसाइकिल के काफिले के साथ समारोह स्थल लाया गया। यहां नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी, सर्वोदय जनहित समाज कल्याण समिति प्रधान प्रदीप शर्मा, पूर्व मनोनीत पार्षद महावीर सैनी, पार्षद किशोर सैनी, कमल सैनी आदि द्वारा नोटो व फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया गया। चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने कहा कि अनमोल की जीत से समाज के दूसरे युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। विजेता खिलाड़ी के पिता सतीश ने बताया कि उनके पुत्र ने दस मीटर शूटिंग स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता है। इसके अलावा उसने टीम में खेलते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। इससे पहले वह राज्य व जिला स्तर पर भी कई पदक जीत चुका है।

#### ये मौजूद रहे

इस मौके पर अतर सिंह सैनी, डॉक्टर हरीश सैनी, दिलावर सैनी, सतबीर, धर्मपाल, मंगतराम, रघवीर सैनी, रामफल, जयनारायण, डॉक्टर धर्मवीर, रमेश, किशोर, संजय सैनी, जलजीत सैनी, हेमंत सैनी, नंदू, कान्हा, मंजीत, शंकर, मोनू, मनीष, धौलू सैनी, नवीन सैनी, करतार सैनी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। विजेता खिलाड़ी के साथ उपस्थित नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी एवं अन्य।

### विद्यार्थियों को करवाया योगाभ्यास



**झज्जर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदानी में वीरवार को निःशुल्क योग एवं प्राणायाम शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य राजेश कुमार ने की। योगाचार्य जगदीश सहवाग ने विद्यार्थियों को अष्टांग योग, शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक एकाग्रता तथा संतुलित जीवनशैली बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने देशभक्ति, माता-पिता की सेवा, गुरु सम्मान, प्रकृति संरक्षण तथा शिक्षा के महत्व जैसे विषयों पर भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे, फास्ट फूड, जंक फूड और सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की सीख देते हुए कहा कि जीवन का मुख्य लक्ष्य शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत, निडर, निर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनना है। इस मौके पर गणेश, कनुप्रिया, आनंद शर्मा, ममता वर्मा, सुनील कुमार, जितेंद्र कुमार, मनीषा, कविता सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते हुए एसडीएम अंकित कुमार चोकसे। फोटो : हरिभूमि

### एसडीएम ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**झज्जर।** वीरवार को आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में एसडीएम अंकित कुमार चोकसे ने आमजन की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिविर में कुल 14 नागरिकों की शिकायतें दर्ज हुईं, जिनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। यह शिविर जिला प्रशासन और आमजन के बीच संवाद का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निवारण किया जाए। यदि कोई शिकायत बार-बार शिविर में दोहराई जाती है, तो संबंधित विभाग से कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जाएगा।

### जन चेतना यात्रा से गांव-गांव पहुंचेगा पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# खेजड़ी बचाओ जन चेतना यात्रा का गांव बहू में स्वागत

**सेंट्रल सर्कल की वनसंरक्षक एमएच रंजीता ने जन चेतना यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**




झज्जर। जन चेतना यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करतीं हुए सेंट्रल सर्कल की वनसंरक्षक एमएच रंजीता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। झज्जर

वन विभाग द्वारा खेजड़ी संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित 'खेजड़ी - जांटी बचाओ जन चेतना यात्रा' वीरवार को दादरी से होते हुए जिला झज्जर के गांव बहू पहुंची। ग्राम बहू में ग्रामीणों ने चेतना यात्रा का स्वागत किया।

स्वागत उपरांत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सेंट्रल सर्कल की वनसंरक्षक एमएच रंजीता ने जन चेतना यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा बहू गांव से चलकर राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल खानपुर खुर्द, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल झामरी तथा स्पोर्ट्स अकादमी झामरी पहुंची। वन मंडल अधिकारी प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि जिला झज्जर में इस यात्रा के माध्यम से खेजड़ी, जांटी जैसे वृक्षों के संरक्षण का संदेश आमजन तक सुगमता से पहुंचेगा, जिससे हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के प्रयासों को नई गति मिलेगी। शिक्षाविद कमल सिंह यादव ने खेजड़ी बचाओ जन चेतना यात्रा के उद्देश्य,पर्यावरणीय महत्व तथा वन संरक्षण की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर रेंज अफसर मातनहेल कुलदीप वर्मा, इंद्र कौशिक सहित काफी संख्या में प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

### गाड़ी चालक से छीना झपटी करने वाले जेल भेजे

**बहादुरगढ़।** टैंपो चालक से रुपये छीनने की वारदात पुलिस ने सुलझा ली है। मामले में अपराध जांच शाखा 2 ने दो आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ की। वारदात कुबूल करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया। सीआईए-2 प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार के अनुसार, बीकानेर मूल का विकास यहां सेक्टर 9 में किराये पर रहता है। वह नमकीन सप्लाई करता है। उसने शिकायत दी थी कि जुलाई 2025 में वह अपने टैंपो से आसौदा की तरफ बाईपास सर्विस रोड होते हुए सेक्टर 16/17 की ओर जा रहा था। इसी दौरान एक स्कूटी पर सवार तीन युवक उसके पास आए और उससे लगभग 11 हजार की नकदी छीनकर फरार हो गए। इस शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले में तीन आरोपियों को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाया गया।

**NOTICE**

I, Anil Kumar S/D/W/O Ram Karan, Gali No.3, Adarsh Nagar, Bahadurgarh, Jhajjar-124507 declare that I have lost my sale deed No. 7306 dated 03.01.2011 and sale deed No. 2473 dated 08.09.1989 some where in markit when I was changing the bus. On 05.12.2025 at 13.30 P.M.

### अंडरग्राउंड नालों की वजह से सफाई करने में आ रही दिक्कत

# मेन बाजार में अब होगा खुले नालों का निर्माण, दुकानों के चबूतरे तोड़े

**कुछ दुकानदार खुद ही दुकान की सीढ़ियां तोड़ते नजर आए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर के मेन बाजार स्थित नेताजी सुभाष चौक से थाने वाले पीर परिसर तक बनाए गए अंडरग्राउंड नालों को तोड़कर अब खुले नाले बनाए जाएंगे। वीरवार को नगर परिषद द्वारा खुले नाले बनाने का कार्य शुरू किया गया। सुबह जेसीबी की सहायता से परिषद के अधिकारी नाले की खुदाई करने पहुंचे। ऐसे में कुछ दुकानदारों द्वारा दुकान के आगे पक्के चबूतरों का निर्माण किया गया था। जब जेसीबी उन्हें तोड़ने लगी तो दुकानदारों ने स्वयं चबूतरा तोड़ने की बात कही। इसके बाद कई दुकानदार अपनी दुकान के सामने बनाई गई सीढ़ियां तोड़ते हुए नजर आए। सुबह थाना परिसर की तरफ से खुदाई कार्य शुरू किया गया। दुकानदारों का कहना है कि खुले नाले बनने के बाद उन्हें गंदे पानी की समस्या से छुटकारा मिलेगा। बता दें कि इन अंडरग्राउंड नालों के अवरुद्ध होने के कारण गंदा पानी आए दिन सड़क पर फैला रहता था। जिसके कारण न केवल राहगीरों बल्कि दुकानदारों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता था। आए दिन भरने वाले इस गंदे पानी से यहां के व्यापारियों की दुकानदारी भी प्रभावित हो रही थी। नाला बनने के बाद दुकानदारों को राहत मिलने की उम्मीद बंधी है।



झज्जर। नाला निर्माण के लिए खुदाई कार्य में लगी जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

### नगर परिषद ने सड़कों से हटाया अतिक्रमण

**बहादुरगढ़।** नगर परिषद ने शहर में साफ-सफाई और सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए वीरवार को व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। यह अभियान रेलवे रोड व नाहरा नाहरी रोड समेत कई व्यस्त मार्गों पर चलाया गया। यहां लंबे समय से अतिक्रमण के कारण आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अभियान के दौरान नगर परिषद की टीम ने सड़क व फुटपाथ पर फैले अवैध अतिक्रमण को हटवाया। वहीं नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 7 चालान काटे गए, जिनसे 5 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। नगर परिषद सचिव प्रवीण छिकारा ने मौके पर लोगों से अपील करते हुए कि शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं, न ही किसी भी प्रकार का अतिक्रमण करें।

## ऑल इंडिया शूटिंग बॉल टूर्नामेंट के लिए आज रवाना होगी टीम

**झज्जर।** ऑल इंडिया शूटिंग बॉल टूर्नामेंटों में भाग लेने के लिए हरियाणा की सीनियर लड़कों की शूटिंग बॉल की टीम शुक्रवार को महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश के लिए रवाना होगी। एमेच्योर शूटिंग बॉल एसोसिएशन के सरंक्षक जयप्रकाश कादियान ने बताया कि इस एक माह के दौरे में टीम के खिलाड़ी 10 लाख 96 हजार रुपये के इनाम के लिए अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।



उन्होंने बताया कि खिलाड़ी 14 से 15 दिसंबर को पुशेगांव जिला सतारा महाराष्ट्र, 16 व 17 दिसंबर को शिरवाल जिला सातारा, 21 व 22 दिसंबर को मानपुर जिला मऊ मध्य प्रदेश, 27 व 28 दिसंबर को मालेगाव जिला नासिक महाराष्ट्र, 30 व 31 दिसंबर को पाटन जिला सतारा महाराष्ट्र में भाग लेंगे। इसके बाद 9 से 11 जनवरी 2026 को सीनियर नेशनल शूटिंग बॉल चैंपियनशिप लड़के एवं लड़कियों की टीम मालसिरास जिला सोलापुर महाराष्ट्र और 13 से 14 जनवरी को हरदा मध्य प्रदेश में मैच खेलेगी। इन टूर्नामेंटों का इनाम 10 लाख 96 हजार रुपये है। यह टीम शुक्रवार को दिल्ली से महाराष्ट्र के लिए रवाना होगी। टीम के कप्तान सुरेश कुमार होंगे और उप कप्तान के रूप में राकेश सिरसा उपस्थित रहेंगे।

## सार संक्षेप



### वैश्य कॉलेज में सेमेस्टर परीक्षाओं का आयोजन

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में एमडीयू की सत्र 2025-26 की विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के साथ रि-अपीयर की परीक्षाएं 1 दिसंबर से जारी हैं। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि अभी तक बीए, बीएससी, बीसीए व बीकॉम की तीसरे व 5वें सेमेस्टर की परीक्षाएं और एमकॉम, एमए भूगोल व अंग्रेजी, एमएससी-रसायन शास्त्र, भौतिकी और गणित की तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं शांतिपूर्ण तरीके से नियमानुसार करवाई जा रही है। पीजी की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 10 दिसंबर से शुरू हो गई हैं। यूजी की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा जल्दी शुरू होने वाली है।



### जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटे जूते और स्वेटर

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या प्राइमरी स्कूल में बहादुरगढ़ शिक्षा सभा की तरफ से जरूरतमंद बच्चों को जूते व स्वेटर वितरित किए गए। स्कूल में कुछ बच्चे ऐसे भी हैं, जिनके माता-पिता अपना जीवन यापन भी बहुत मुशकिल से कर पाते हैं। ऐसे जरूरतमंद छात्र छात्राओं को उनकी जरूरत के अनुसार स्वेटर व जूते दिए गए। प्रधान श्रीनिवास गुप्ता ने कहा कि जरूरतमंद की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य है।



### शुरू हुआ नई पेयजल लाइन बिछाने का कार्य

**बहादुरगढ़।** गांव परनाला में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। गांव में नई पेयजल लाइन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस प्रोजेक्ट पर लगभग 20 लाख रुपये की राशि खर्च होने का अनुमान है। कार्य के शुभारंभ के मौके पर सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अशोक राठी ने बताया कि नई लाइन डलने के बाद पानी की किल्लत पूरी तरह खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि परनाला गांव के कई हिस्सों में पुरानी पाइप लाइन जर्जर हो चुकी थी, जिसके कारण सप्लाई में रुकावट और गंदे पानी की समस्या बार-बार सामने आती थी। नई लाइन बिछने से गांव को स्वच्छ और पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध होगा। गांव के लोगों ने भी कार्य प्रारंभ होने पर खुशी जताई और उम्मीद जताई कि नई पेयजल लाइन से उन्हें दैनिक पेयजल संकट से राहत मिलेगी।




### साइंस क्विज में रमन सदन के विद्यार्थी रहे अव्वल

**झज्जर।** एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में वीरवार को अंतरसदनीय साइंस क्विज का आयोजन किया गया। क्विज की अध्यक्षता प्राचार्य सतबीर सिंह ने की। मिडिल हेड अनीता यादव और एक्टिविटी इंचार्ज कमलेश दिल्लों ने निर्णायक की भूमिका निभाई। साईंस अध्यापिका ईशु जाखड़ और पुष्पा मान ने मंच संचालन करते हुए बताया कि इस अंतरसदनीय साइंस क्विज में विद्यालय के चारों सदनों ने भाग लिया। रमन सदन ने सर्वाधिक अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है जबकि कलाम सदन के विद्यार्थी द्वितीय और अटल सदन के विद्यार्थी तृतीय रहे। इनके अलावा पटेल सदन को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए बताया कि आधुनिक युग में विज्ञान ने जो उन्नति की है, उससे मानवीय जीवन सरल व सक्षम बन गया है। हर क्षेत्र में विज्ञान ने अपने पैर जमा लिए हैं। एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया और सचिव हेमंत गुलिया ने भी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### एसआईआर के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**बहादुरगढ़।** सेंटर फॉर प्रोटेक्शन ऑफ डेमोक्रेटिक राइट एंड सेक्युलरिज्म की ऑल इंडिया कमेटी के आह्वान पर वीरवार को नागरिक मंच के कार्यकर्ताओं ने एसआईआर करवाने के गैर वैधानिक तरीके के खिलाफ बीडीपीओ के माध्यम से मुख्य चुनाव आयुक्त के नाम एक ज्ञापन भेजा। मंच के संयोजक रामकिशन ने बताया कि केंद्र सरकार पूरी तरह से गैर संवैधानिक तौर तरीके अपनाकर यह स्पेशल इंटेंसिव रिव्यू करवा रही है और लोगों का वोट डालने का अधिकार छीन रही है। सहसंयोजक सतबीर सिंह, जयकरण, सतीश कुमार, लालजी, राजबीर सिंह छिल्लर आदि ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से हरियाणा में विशेष गहन संशोधन के कार्यक्रम को तुरंत वापस लेने, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950-51 और स्थापित दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करते हुए एक पारदर्शी नागरिक-अनुकूल वार्षिक संशोधन करने तथा पीछे हुई एसआईआर से संबंधित सभी आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग की गई है।

### सरकारी स्कूल चोरों के निशाने पर

# मातन के सरकारी स्कूल में दोबारा चोरी

- राजकीय स्कूल में एक साल के अंदर चोरी की पांचवीं वारदात
- बार-बार चोरी की घटना से ग्रामीणों में रोष, पुलिस एक भी वारदात नहीं सुलझा पाई, सुरक्षा पर भी उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सुरक्षा व्यवस्था न होने के चलते इलाके में सरकारी स्कूल चोरों के लिए सॉफ्ट टारगेट बने हुए हैं। आए दिन किसी न किसी गांव में सरकारी स्कूल को निशाना बनाया जा रहा है। अब गांव मातन में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में फिर से चोरी की वारदात हो गई। चोर यहां से कैमरे, इनवर्टर बैटरी, यूपीएस, सिलेंडर, खेलों का सामान सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर गए। इस स्कूल में बीते सालभर में चोरी की यह पांचवीं वारदात हैं। वारदात के कारण न केवल स्कूल को आर्थिक हानि हो रही है, वहीं विद्यार्थियों और शिक्षकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वारदात आठ या 9 दिसंबर की रात को होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस को दी शिकायत में प्रिंसिपल रामकुमार ने कहा है कि गत 9 दिसंबर को स्कूल में अवकाश था। बुधवार दस दिसंबर की सुबह जब स्टाफ आया तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर गए तो कई कक्षों के ताले चटकाए हुए थे। इसके बाद हम मौके पर पहुंचे और सामान की जांच की। जांच के दौरान प्रिंटर, दो बैटरी, यूपीएस, चार हैंड बॉल, तीन फुटबॉल, चार वॉलीबॉल, चार बैडमिंटन रैकेट, सीसीटीवी कैमरे, एमडीएम से सिलेंडर, चूल्हा तथा प्रिंसिपल व क्लर्क रूम से रिकॉर्ड गायब मिला। उन्होंने बताया कि इससे पहले अगस्त में स्कूल से कैमरे चोरी हो गए थे।

**ग्रामीणों में रोष**

पिछले साल दिसंबर में दो बार व जून में भी एक बार चोरी की वारदात हो चुकी है। उधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इस संबंध में आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी स्कूल में जैसे तैसे संसाधन उपलब्ध होते हैं। यदि चोरी हो जाती है तो दोबारा संसाधन की व्यवस्था करना मुश्किल हो जाता है। बार बार हो रही चोरी की वारदातों से नुकसान हो रहा है। हर बार एफआईआर दर्ज होती है लेकिन वारदात नहीं सुलझती। शिक्षा विभाग व सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। सरकारी स्कूलों में रात्री सुरक्षा के बंदोबस्त होने चाहिए।

# सीआरपीएफ जवान जयबीर सिंह को दी अंतिम विदाई

- ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुकने की वजह से गई थी जान
- दिल्ली के सीआरपीएफ कैंप से आई सैनिक टुकड़ी ने अंतिम सलामी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुकने के कारण काल का ग्रास बने माजरा दूबलधन निवासी वीर सैनिक जयबीर सिंह को सैनिक सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। वे द्रोणापाल सीआरपीएफ कैंप, जिला सुकमा, छत्तीसगढ़ में ड्यूटी पर तैनात थे।

बीती नौ दिसंबर की रात करीब एक बजे उनके सीने में अचानक दर्द उठा। जब तबीयत बिगड़ी तो उन्हें उपचार के लिए निकटवर्ती अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वीरवार को उनके पैतृक गांव माजरा दूबलधन में उन्हें सैनिक सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर मयूर विहार, दिल्ली स्थित सीआरपीएफ कैंप से आए इंस्पेक्टर सुरेंद्र प्रसाद व उनकी सैनिक टुकड़ी ने अंतिम सलामी दी। इंस्पेक्टर सुरेंद्र प्रसाद ने परिजनों से कहा कि सीआरपीएफ की ओर से पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। वीर जयवीर की बड़ी बेटी प्रियंका व छोटी बेटी भारती जहां बीए की पढ़ाई कर रही हैं वहीं बेटा अमन व अंश अभी छोटी कक्षाओं के विद्यार्थी है। उनकी वीरांगना पत्नी सुनीता देवी गृहिणी हैं।



झज्जर। अपने पिता के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित करते हुए उनके पुत्र अमन और अंश। साथ में मौजूद सीआरपीएफ के जवान व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

**यह रहे मौजूद**

इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों व मौजिज लोगों में नायब तहसीलदार सुरेंद्र सिंह, बेरी एसएचओ विकास कुमार, बीडीपीओ राजाराम, जिला पार्षद कृष्ण उर्फ फोर्ड, बेरी नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र उर्फ बिल्लू पहलवान, सरपंच विनोद नंबरदार, पूर्व सरपंच नरेंद्र, मास्टर जय भगवान, एडवोकेट कृष्ण कादियान, आशीष कादियान, ब्लॉक समिति मेंबर पंडित सूरजमल शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### जुआ खेलते चार आरोपी पकड़े, 7070 की नगदी बरामद

- सब्जी मंडी के पास निजी बस से पकड़े

**झज्जर।** सीआईए की एक टीम द्वारा सार्वजनिक स्थान पर रकम दांव पर लगाकर जुआ खेलते हुए चार व्यक्तियों को पकड़ा गया है। सीआईए प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह ने बताया कि चार व्यक्तियों को गुप्त सूचना के आधार पर सब्जी मंडी के साथ लगती पार्किंग मे खड़ी एक प्राइवेट बस से पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान लोकेंद्र, सूरज, मोहित निवासी फरीदाबाद और राजू निवासी गुढ़ा के तौर पर की गई है। जिनसे ताश के पत्ते और 7070 रुपये की नगदी बरामद हुई है। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए आगामी कार्यवाई अमल में लाई गई है।

# नई अनाज मंडी बनाने की मांग

- सनातन धर्म मंदिर में व्यापारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का किया आयोजन
- भाजपा नेताओं ने भरोसा दिलाया-नई अनाज मंडी की मांग को प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

अनाज मंडी स्थित सनातन धर्म मंदिर में व्यापारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यहां व्यापारियों ने नई अनाज मंडी की स्थापना की मांग को प्रमुखता से उठाया और विस्तृत मांग-पत्र भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि व दिनेश कौशिक को सौंपा।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष पंकज गर्ग, सुदेश रंगा, पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल शर्मा, ऋषि भारद्वाज, नरेश भारद्वाज, रमेश कुमार, आशु सैनी, सीमा छिकारा, प्रमिला, कविता, बिरजू मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। विकास वाल्मीकि और दिनेश कौशिक का सम्मान करते व्यापारी।

**वाल्मीकि व कौशिक का सम्मान किया**

मार्केटिंग बोर्ड के वाइस चेयरमैन प्रदीप गुप्ता द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विकास वाल्मीकि और दिनेश कौशिक का सम्मान किया गया। नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं। सतीश अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, पवन गुप्ता, प्रवीण सिंघल आदि ने नई अनाज मंडी समेत अनेक मांग रखी। भाजपा नेताओं ने भरोसा दिलाया कि नई अनाज मंडी की मांग को प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### एसआर सेंचुरी पब्लिक स्कूल में चौथे दिन भी आयोजित हुईं कई खेल स्पर्धाएं

# ओपन स्केटिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**सातवीं से ऋषि, यश, प्रियंक, पार्थ, सक्षम, सार्थक, रहफान और तक्ष विजेता रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एसआर सेंचुरी पब्लिक स्कूल में वीरवार को खेल प्रतियोगिता के चौथे दिन भी विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ शारीरिक तंदुरुस्ती, खेल भावना और टीम वर्क का महत्व समझा। इस दौरान विभिन्न खेल गतिविधियां हुईं। सोलधा शाखा में कक्षा 9वीं के छात्रों के लिए दौड़ प्रतियोगिता, लेग क्रिकेट, लॉन टेनिस तथा बहादुरगढ़ शाखा में कबड्डी प्रतियोगिता हुई। खेल प्रशिक्षक जहूर, एसपी दलाल, सुमित, मंजू दलाल, मनीष व हैप्पी के नेतृत्व में आयोजित खेल गतिविधियों में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया। स्कूल स्तर पर ओपन स्केटिंग भी आयोजित की गई। पांचवीं कक्षा से तान्या, आध्या यूवी, वंशिका कोमल, धृति एवं तीक्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सातवीं से ऋषि, यश, प्रियंक, पार्थ, सक्षम, सार्थक, रहफान और तक्ष विजेता रहे। आठवीं से सक्षम, सार्थक, दक्ष, यशदीप विजेता रहे और नौवीं से विपुल, यश और वीर ने बाजी मारी। नौवीं कक्षा की लड़कियों की कबड्डी में अलकनंदा और अन्नपूर्णा सदन तृतीय स्थान, धौलगिरि सदन दूसरा और मंदाकिनी सदन ने प्रथम स्थान पाया।



बहादुरगढ़। एसआर सेंचुरी स्कूल में स्केटिंग करते विद्यार्थी।

**लॉन टेनिस**

**शौर्य रहा प्रथम**

लॉन टेनिस प्रतियोगिता में अंडर-14 के अंतर्गत किंजल, गर्वित, पुनीत, रेहान, वंश, हर्षित, अयान तीसरे स्थान पर कीर्ति, अयान, महक माही, जानवी, गर्वित दूसरे स्थान पर जबकि तेजस, कुंज, मनवीर, रवनीश और शौर्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 में यश, पीयूष, गौतम दूसरे स्थान पर और नक्ष, गौरव प्रथम स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य वीएन झा ने भी सभी प्रतिभागियों की सराहना की तथा फिट इंडिया सप्ताह को सफल बनाने के लिए शिक्षकों और छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा की।